>

Title: Need to provide a special relief package to the drought afftected Nawada district in Bihar.

डॉ. भोला सिंह (नवादा): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे बोलने की अनुमति दी। बिहार सूखे और उससे उत्पन्न स्थिति से परेशान है, बेहाल है, बेपनाह है। उसी बिहार से मैं आता हूं, नवादा लोक सभा क्षेत्र, वहां की नदियां वर्षों से सूखी हैं, पहाड़ बेपनाह हैं, मिट्टी की आत्मा मरी पड़ी है। आज सम्पूर्ण नवादा सुखाड़ से ग्रसित है, धान के बिजरे सूख रहे हैं और जमीन तार-तार है। अंधेरी रात में जब सियार की आवाज गूंजने लगती है तब लगता है कि कुछ अशुभ होने वाला है। बिहार सरकार ने इस मामले में सोचा तो है, कदम उठाने के विचार भी किए हैं, लेकिन जब तक केन्द्र सरकार नवादा को स्पैशल पैकेज नहीं देती, तब तक न केवल नवादा के 25 लाख लोग भूख और सुखाड़ से मरेंगे बल्कि पशु चारे के अभाव में मरेंगे, पेयजल के अभाव में आम आदमी के साथ-साथ चिड़ियां, पशु आदि सब समाप्त हो जाएंगे। यह हमारे दामन पर कलंक लगेगा। इसलिए हम आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करना चाहते हैं कि वह बिहार के प्रति एक विशेष पैकेज का प्रबंध करे।

नवादा को एक स्पेशल पैकेज में रखकर वहां की जनता और वहां के सम्पूर्ण जीवन-धन की सुरक्षा के लिए कदम उठाये, इस ओर हम सरकार का ध्यान आपके माध्यम से आकृष्ट करना चाहते हैं।

अध्यक्ष महोदया : श्री सज्जन सिंह वर्मा --- उपस्थित नहीं।